मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 19 जुलाई, 1990 (आषाढ़ 28, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री तेजसिंह सेंधव, सदस्य, इन्दौर के बरलाई सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंधकों द्वारा कृषकों को गन्ने की राशि का भुगतान न किये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री प्रकाश जैन, सदस्य, विश्वविद्यालयों द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब किये जाने की ओर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री इन्द्रजीत कुमार, सदस्य, सीधी जिले में राशन की दुकानों पर खाद्यान्न उपलब्ध न होने की ओर राज्यमंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्री विश्वम्भरनाथ पाण्डेय, सदस्य, जिला रीवा के ग्राम मड़वा के उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ की व्यवस्था कराने के संबंध में 35 व्यक्तियों की याचिका प्रस्तुत करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री सुन्दरलाल पटवा, मुख्य मंत्री, मध्यप्रदेश माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय संस्थान विधेयक, 1990 (क्रमांक 15 सन् 1990) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

5. वर्ष 1990-91 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

निर्धारित समय		
1 घंटा	(1)	मांग संख्या 5- जेलें.
2 घन्टे	(2)	मांग संख्या 20- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मांग संख्या 63- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
1 घंटा	(3)	मांग संख्या 47- जनशक्ति नियोजन विभाग तथा तकनीकी शिक्षा

1 घंटा 30 मिनट (4) मांग संख्या 19– लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

मांग संख्या 61– लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं

6. नियम 52 के अधीन आधे घंटे की चर्चा

(1) दिनांक 22 जून 1990 को कृषि मंत्री से पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्रमांक 1347) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री सूबेदार सिंह, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

(2) दिनांक 27 जून 1990 को वन मंत्री, से पूछे गये नियम 46 (2) के अन्तर्गत परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्रमांक 778) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री तेजसिंह सेंधव सदस्य चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक 18 जुलाई, 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.